सेंट उर्सुला गर्ल्स हायस्कूल अण्ड जुनिअर कॉलेज, नागपूर

द्वितीय सत्र परीक्षा 2020

विषय – हिंदी

समय – 2.00 घंटे | वर्ग – **VII (C)** | गुण – 50

प्र. 1 अ) पठित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओ के अनुसार कृतियॉ कीजिए।

1) आकृति पूर्ण कीजिए : (2)



रोजी की जैसे ही आँखें खुलीं, वैसे ही वह मेरे पाँचवें जन्मदिन पर पिता जी के किसी राजकुमार विद्‌यार्थी द्‌वारा मुझे उपहार रूप में भेंट कर दी गई । स्वाभाविक ही था कि हम दोनों साथ ही बढ़ते रहे । रोजी मेरे साथ दूध पीती, मेरे खटोले पर सोती, मेरे लकड़ी के घोड़े पर चढ़कर घूमती और मेरे खेल-कूद में साथ देती । रोजी सफेद थी किंतु उसके छोटे सुडौल कानों के कोने, पूँछ का सिरा, माथे का मध्य भाग और पंजों का अग्रांश कत्थई रंग का होने के कारण कत्थई किनारीवाली सफेद साड़ी की सबल रंगीनी का आभास मिलता था । वह छोटी पर तेज टैरियर जाति की कुतिया थी । हम सबने उसे ऐसा साथी मान लिया था, जिसके बिना न कहीं जा सकते थे और न कुछ खा सकते थे ।

2. उत्तर लिखिए: (2)

1) रोजी किस रंग की थी ?

2) रोजी किस जाति की कुतिया थी ?

3. समानार्थी शब्द लिखिए: (1)

1. उपहार = 2. ऑखे =

4. लिंग बदलकर लिखिए (1)

1. घोडा – 2. कुतिया –

5. रोजी कुतिया के बारे मे तीन–चार पंक्तियॉ लिखिए (2)

प्र 2. अ निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओ के अनुसार कृतिया कीजिए:

1. आकृति पूर्ण कीजिए: (2)



2. रिक्त स्थानो की पूर्ती कराः **(2)**

1) मनुष्य एक दुसरे से ------ कैसे ?

2) व्यक्ति का इलाज करने हेतु ---- को घर भी बुला सकते है।

3. निम्नलिखित शब्दो के वचन बदल कर लिखिएः **(1)**

1. 1) घडी –   2) टिकट

2. उपसर्ग शब्द अलग करके लिखिएः **(1)**

1. सुविधा   2. दूरध्वनि

4. भ्रमणध्वनि के लाभ लिखिए।

यदि दूरध्वनि और भ्रमणध्वनि न होते, तो मनुष्य एक-दूसरे से बातें कैसे करते? इस सुविधा का लाभ छोटे से बड़ा व्यक्ति सभी उठा रहे हैं। यदि भ्रमणध्वनि न होती, तो हम अपने घर देर से पहुँचने की सूचना न दे पाते, घर वाले परेशान हो जाते। भ्रमणध्वनि के कारण हम बीमार व्यक्ति का इलाज करने हेतु डाक्टर को घर भी बुला सकते हैं। इनके कारण घड़ी, कैलेंडर, अलार्म, गेम, फोन बुक, समाचार, चुटकुले, सभी तरह की सूचनाएँ हम तक पहुँचती हैं। आप अपने बिलों का भुगतान घर बैठे कर सकते हैं। हम भ्रमणध्वनि से रेलवे टिकट, एअर टिकट की बुकिंग करा सकते हैं। यदि दूरध्वनि और भ्रमणध्वनि न होते, तो उपर्युक्त सुविधाएँ हमें न मिल पातीं।

प्र. 3. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओ के आधार पर कृतिया पूर्ण कीजिएः **(2)**

1. आकृति पूर्ण कीजिएः



2. पॅक्तियॉ पूर्ण कीजिएः **(2)**

1. उस – उस राही का ----।
2. जब चलते – चलते -----।

3. सही/गलत लिखिएः **(2)**

1. दाएँ – बाएँ सुख – दुख नही चलते।
2. जिससे पथ पर स्नेह मिला उस राही का धन्यवाद।

4. समानार्थी शब्द लिखिएः **(1)**

1. पथ =   2. स्नेह =

5. पद्यांश का अर्थ लिखिए। **(2)**

दाएँ-बाएँ सुख-दुख चलते
सम्मुख चलता पथ का प्रमाद,
जिस-जिससे पथ पर स्नेह मिला
उस-उस राही का धन्यवाद।

साँसों पर अवलंबित काया
जब चलते-चलते चूर हुई,
दो स्नेह शब्द मिल गए
मिली नव स्फूर्ति थकावट दूर हुई।

पथ के पहचाने छूट गए
पर साथ-साथ चल रही याद,
जिस-जिससे पथ पर स्नेह मिला
उस-उस राही का धन्यवाद।

प्र. 4 सूचना के अनुसार प्रश्नो को हल कीजिएः (2)

1. संज्ञा शब्द पहचानकर उसका प्रकार लिखिएः

1. श्यामू अपनी काकी के पास गया।
2. यह मेरी पाठशाला है।

2. निम्नलिखित शब्दो के विरूद्धार्थी शब्द लिखिएः (2)

1. गलत X 2. बुराई X

3. निम्नलिखित शब्दो मे प्रयुक्त उपसर्ग अलग करके लिखिए (2)

1. प्रभावित 2. विज्ञान

5. निम्नलिखित शब्दो मे प्रयुक्त प्रत्यय अलग करके लिखिए (2)

1. अक्लमंद 2. गलती

उपयोजित लेखन

प्र. 5 अ निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर पत्र लिखिएः (5)

1. चित्रकला स्पर्धा मे सहेली को प्रथम पुरस्कार मिला है। उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

2. छुट्टी के लिए वर्ग शिक्षिका को प्रार्थना पत्र लिखिए।

ब निम्नलिखित मुद्दो के आधार पर कहानी लिखिए (2)

एक नाई--- एक चमत्कारी मुर्गी मिलना --- मुर्गी का रोज सोने का एक अंडा देना ---- नाई का अमीर हो जाना ---- गॉवभर मे चर्चा -- सारा सोना एक साथ पाने का लालच -- मुर्गी को मार डालना --- लालच मे सोने के सब अंडे खो देना -- सीख।

क निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर आठ–दस पॅक्तियो का निबंध लिखिए :(कोई एक)

1. मेरा प्रिय पशु कुत्ता
2. अगर तुम किसी बाग के बागवान होते, तो ----
3. रंगो का त्योहार होली

***